# अंतर विश्वविद्यालय खो-खो में भाग लेगी मेवाड़ विश्वविद्यालय की टीम

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़




आगामी 19 से 23 नवंबर तक डा पंजाब राय देशमुख कृषि विद्यापीठ आकोला में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में होने जा रही पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खो - खो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मेवाड़ विश्व विद्यालय की टीम रविवार को प्रस्थान कर गई।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के अधिष्ठता, शिक्षा एवं मनोविज्ञान तथा शारीरिक शिक्षा एंव खेल कूद के निदेशक प्रो. अमरेश ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के पंचम सत्र की अंकिता शा के नेतृत्व में रवाना हुई मेवाड़ विश्वविद्यालय का प्रथम मैच 19 नवंबर को सेयाजी विश्वविद्यालय बड़ौदा से होगा। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डा अशोक गदिया ने टीम के रवाना होने से पूर्व सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी।

टीम के मैनेजर के रूप में खेल फिजियो कुमारी नीतू एवं टीम के प्रशिक्षक के रुप में राहुल सेन भी साथ गए हैं। कुल सचिव डॉ. वेंकटा ने बताया कि पहली बार विश्वविद्यालय के अध्यक्ष के निर्देश के कारण और अधिष्ठाता डा अमरेश के प्रयासों से अब मेवाड़ विश्वविद्यालय की भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में कई खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने जा रही है। आगामी दिनों में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी छात्रा संसद, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ब्रिज प्रतियोगिता और अखिल भारतीय युवा संगोष्ठी का आयोजन भी आयोजित कराने जा रही हैं। | Dainik Bhaskar 18-11-2019

# मेवाड़ विश्वविद्यालय की खो-खो टीम अकोला रवाना

चित्तौड़गढ़। 19 से 23 नवंबर तक डॉ.पंजाब राव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वधान में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खो - खो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मेवाड़ विश्व विद्यालय की टीम रविवार को प्रस्थान कर गई।

मेवाड विश्वविद्यालय के अधिष्ठता, शिक्षा एवं मनोविज्ञान तथा शारीरिक शिक्षा एंव खेल कूद के निदेशक प्रो. अमरेश ने बताया कि मेवाड विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के पंचम सत्र की अंकिता शा के नेतृत्व में रवाना हुई टीम का प्रथम मैच 19 नवंबर को सेयाजी विश्वविद्यालय बडौदा से होगा।

विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ.अशोक गदिया ने टीम के रवाना होने से पूर्व सभी खिलाडियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खिलाडियों को खेल भावना



चित्तौड़गढ़। खो - खो प्रतियोगिता के लिए चयनित टीम।

से खेलने की प्रेरणा दी । टीम के मैनेजर के रूप में खेल फिजियों कुमारी नीतू एवं टीम के प्रशिक्षक के रूप में राहुल सेन भी साथ गए है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. वेंकटा ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार विश्वविद्यालय के अध्यक्ष के दिशा निर्देश के कारण और अधिष्ठाता डॉ. अमरेश के प्रयासों से अब मेवाड विश्वविद्यालय की भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वधान में कई खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने जा रही है। इसी तरह मेवाड़ विश्वविद्यालय आगामी दिनों में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन छात्रा संसद, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ब्रिज प्रतियोगिता और अखिल भारतीय युवा संगोष्ठी का आयोजन भी आयोजित कराने जा रही हैं।

Dainik Navajyoti 18-11-2019

# मेवाड़ विश्व विद्यालय की टीम अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना

चित्तौड़गढ़, 17 नवम्बर (कासं.)। मेवाड़ विश्व विद्यालय की टीम आगामी 19 से 23 नवम्बर तक डॉ. पंजाब राव देशमुख कृषि विद्यापीठ अकोला व अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वधान में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खो - खो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रविवार को रवाना हुई।




मेवाड़ विश्वविद्यालय के अधिष्ठता, शिक्षा एवं मनोविज्ञान, शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद निदेशक प्रो. अमरेश ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के पंचम सत्र की अंकिता शा के नेतृत्व में रवाना हुई मेवाड़ विश्वविद्यालय टीम का प्रथम मैच 19 नवम्बर को सेयाजी विश्वविद्यालय बड़ौदा से होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। टीम के मैनेजर के रूप में खेल फिजियो कुमारी नीतू एवं टीम के प्रशिक्षक के रूप में राहुल सेन भी साथ गए है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. वेंकटा ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार विश्वविद्यालय के अध्यक्ष के दिशा निर्देश के कारण और अधिष्ठता डॉ. अमरेश के प्रयासों से विश्वविद्यालय टीम भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वधान में प्रतियोगिताओं में भाग लेने जा रही है। इसी तरह मेवाड़ विश्व विद्यालय आगामी दिनों में अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालयीन छात्रा संसद, अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालय ब्रिज प्रतियोगिता और अखिल भारतीय युवा संगोष्ठी का आयोजन भी करने जा रहा है।

Jannayak 18-11-2019

# मेवाड़ विश्व विद्यालय की टीम खो-खो प्रतियोगिता के लिए रवाना

चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )। आगामी 19 से 23 नवंबर तक डॉं पंजाब राव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वधान में आयोजित होने जा रही पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खो–खो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मेवाड़ विश्व विद्यालय की टीम रविवार को प्रस्थान कर गई। प्रो. अमरेश ने बताया कि मेवाड विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के पंचम सत्र की अंकिता शा के नेतृत्व में रवाना हुई मेवाड़ विश्वविद्यालय का प्रथम मैच 19 नवंबर को सेयाजी विश्वविद्यालय बड़ौदा से होगा। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉं अशोक गदिया ने टीम के रवाना होने से पूर्व सभी खिलाडियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खिलाडियों को खेल भावना से खेलने की प्ररणा दी।

Pratahkal 18-11-2019

# खेल को खेल की भावना से खेलें

## एक दिवसीय शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

निकुम्भ. कस्बे के समीपवर्ती खोड़ीप में एक दिवसीय शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि बड़ीसादड़ी विधायक ललित ओस्तवाल एवं विशिष्ट अतिथि डेयरी चेयरमेन बद्रीलाल जाट थे। इस मौके पर विधायक ओस्तवाल ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें न कि बदले की भावना से हारने वाले निराश न हो वो अधिक प्रयास करें उन्हें भी निश्चित रूप से सफलता मिलेगी । सरपंच प्रतिनिधि गणपत खटीक, रामलाल डांगी, सत्यनारायण शर्मा, नेमीचंद जाट, हीरालाल डांगी, गरदाना सरपंच कालु लाल गायरी, उपसरपंच प्रतिनिधि शांतिलाल कुमावत थे। सुरेश मेनारिया ने बताया कि एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। प्रथम विजेता टीम को 5100 रुपये व उपविजेता को 3100 रुपये का नकद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का समापन बड़ीसादड़ी के पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी द्वारा किया जाएगा।प्रतियोगिता में निकुम्भ, भाणुजा, सांगरिया, पिण्ड आदि गांवों की टीमों ने भाग लिया।



निकुम्भ के खोड़ीप में कार्यक्रम को संबोधित करते डेयरी चैयरमेन जाट



चित्तौड़गढ़. खो-खो में भाग लेने के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय की टीम रवाना।

## खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम रवाना

चित्तौड़गढ़. आगामी 19 से 23 नवंबर तक डॉ पंजाब राव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित होने जा रही पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खो - खो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मेवाड़ विश्व विद्यालय की टीम रविवार को प्रस्थान कर गई। मेवाड़ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, शिक्षा एवं मनोविज्ञान तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद के निदेशक प्रो. अमरेश ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के पंचम सत्र की अंकिता के नेतृत्व में रवाना हुई। अध्यक्ष डॉ अशोक गदिया ने टीम के रवाना होने से पूर्व सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी । टीम के मैनेजर के रूप में खेल फिजियो कुमारी नीतू एवं टीम के प्रशिक्षक के रूप में राहुल सेन भी साथ गए हैं। इसी तरह मेवाड़ विश्वविध्यालय आगामी दिनों में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन छात्र संसद, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ब्रिज प्रतियोगिता और अखिल भारतीय युवा संगोष्ठी का आयोजन भी कराने जा रही है।

Rajasthan Patrika, 18-11-2019